# छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय

क्रमांक 02 / वि.स. / संपदा / 2018 रायपुर, दिनांक 30/1/2018

## //फोटोकॉपी मशीन क्रय हेतु निविदा //

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय फोटो कॉपी मशीन हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित फर्मो से दिनांक 22 फरवरी, 2018 को सायं 3:00 बजे तक बाय बैक ऑफर के तहत निविदाएं आमंत्रित करता है । निविदा की विस्तृत शर्तें/जानकारी सचिवालय की संपदा शाखा से प्राप्त की जा सकती है अथवा विधानसभा सचिवालय की वेबसाइट www.cgvidhansabha.gov.in पर भी उपलब्ध है ।

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ विधानसभा.

# // निविदा की शर्तें/जानकारी//

1. मशीनों की दरें प्रति नग समस्त कर सहित तथा दरों की वैद्यता अवधि उल्लेखित करते हुए देनी होगी ।

2. शार्प ए.आर. 5316 क्रय वर्ष मई, 2005, रिको– 3030, क्रय वर्ष मार्च, 2007 एवं शार्प–5520 क्रय वर्ष फरवरी, 2011 मशीनें बायबैक की जाना है । पुरानी मशीनों का अवलोकन कार्यालयीन समय पर सचिवालय की संपदा शाखा में किया जा सकता है ।

3. निविदाकर्ता को प्रस्तावित मशीन का ब्रोशर भी संलग्न करना होगा । मशीन के संबंध में रिसोल्यूशन, जूम, कम्प्यूटर कनेक्टीविटी, मेमोरी साईज, डुपलेक्स सुविधा, ऑटोमेटिक डाक्युमेंट फीडर, ट्रे एवं उनकी केपेसिटी, स्केनिंग की जानकारी संलग्न प्रपत्र में स्पष्ट देनी होगी । प्रपत्र हस्ताक्षरित (सील सहित) प्रस्तुत करना होगा ।

4. मशीनों के वार्षिक रख–रखाव दर का पृथक उल्लेख करना होगा ।

5. मशीनों की गारंटी/वारंटी अवधि का उल्लेख करना होगा ।

6. यदि आवश्यक हुआ तो मशीनों का डेमो सचिवालय में स्वयं के व्यय पर करना होगा ।

7. निविदाकर्ता का वस्तु एवं सेवा कर पंजीयन अनिवार्य होगा ।

8. निविदाकर्ता को वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 के आयकर गणना पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी ।

9. अधिकृत विक्रेता प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी ।

10. मशीनों के संचालन का प्रशिक्षण सचिवालय के कर्मचारी को निशुल्क देना होगा ।

11. मुहरबंद निविदा के साथ अमानत के रूप में राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक की राशि रूपये 10,000/– (रूपये दस हजार मात्र) की एफ.डी. (सावधि जमा) सचिव , छत्तीसगढ़ विधानसभा, रायपुर के नाम से देय संलग्न करना होगा । चयनित फर्म की एफ.डी. गारंटी/वारंटी अवधि के पश्चात् वापस की जाएगी ।

12 भावपत्र/प्रस्ताव एवं अमानत राशि की एफ0डी0 पृथक–पृथक लिफाफों में प्रस्तुत करनी होगी ।

13. लगभग 03 फोटोकॉपी मशीन में से 02 नॉर्मल स्पीड (20–25 पीपीएम) तथा 01 नग हाई स्पीड (35–40 पीपीएम) एवं कम्प्युटर कनेक्टिविटी सहित क्रय किया जाना विचाराधीन है । क्रय किये जाने वाली मशीनों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है ।

14. सचिवालय द्वारा क्रय आदेश प्रदाय की तिथि से अधिकतम 15 दिवस के अन्दर वांछित सामग्री सचिवालय में स्वयं के व्यय पर अनिवार्यतः पहुंचानी होगी ।

15. आदेशित सामग्री निर्धारित गुणवत्ता में निर्धारित समयावधि में प्रदाय न करने पर जमा की गई अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी ।

16. निविदा प्रस्ताव विधानसभा भवन स्थित अनुभाग अधिकारी , संपदा शाखा कक्ष क्रमांक–बी–7 के पास दिनांक 22 फरवरी, 2018 अपराह्न 3:00 बजे तक जमा किया जा सकता है । निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त निविदाएं मान्य नहीं होगी ।

17. निविदा को मान्य या अमान्य करने का प्राधिकार सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा को होगा ।

18. किसी विवाद पर निर्णय करने का संपूर्ण अधिकार अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा, रायपुर का होगा ।

––00––

# 35 से 40 पीपीएम फोटो कॉपी मशीन विवरण–प्रपत्र

| क्र. | निविदाकर्ता फर्म का नाम / फोन नम्बर | मॉडल | मेमोरी साईज 64 MB (न्युनतम) | गति कॉपी / प्रति मिनट | रिसोल्यूशन 600dpi (न्युनतम) | जूम 25–400% (न्युनतम) | पेपर ट्रे 2X500 ट्रें + बायपास ट्रे (न्युनतम) | कम्प्युटर कनेक्टिविटी | डुप्लेक्स | एडीएफ | स्कैनिंग | वारंटि अवधि | दर | बायबैक आफर दर | दर (कर सहित) | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर / सील

# 20 से 25 पीपीएम फोटो कॉपी मशीन विवरण–प्रपत्र

| क्र. | निविदाकर्ता फर्म का नाम/फोन नम्बर | मॉडल | मेमोरी साईज 32 MB (न्युनतम) | गति कॉपी / प्रति मिनट | रिसोल्यूशन 600dpi (न्युनतम) | जूम 50–200% (न्युनतन) | पेपर ट्रे 2X250 ट्रे + बायपास ट्रे | कम्प्यूटर कलेक्टिविटी | डुप्लेक्स | एडीएफ | स्केनिंग | वारंटि अवधि | दर | बायबैक आफर दर | दर (कर सहित) | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर / सील